भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3692

सोमवार, 16 मार्च, 2026/25 फाल्गुन, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

कैमूर और रोहतास जिले में पर्यटन अवसंरचना का विकास

3692. श्री सुधाकर सिंहः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि बिहार के कैमूर और रोहतास जिले ऐतिहासिक, धार्मिक, प्राकृतिक और पुरातात्विक दृष्टिकोण से अत्यंत समृद्ध हैं जहाँ प्रसिद्ध माँ मुण्डेश्वरी मंदिर (कैमूर), रोहतासगढ़ किला, जलप्रपात, वन क्षेत्र और गुफाएं स्थित हैं और इसके बावजूद यह क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से अपेक्षित विकास से वंचित है;

(ख) क्या सरकार द्वारा कैमूर और रोहतास में पर्यटन बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए किसी विशेष योजना, सर्वेक्षण या परियोजना को मंजूरी दी गई है अथवा प्रस्ताव किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारणों सहित इस संबंध में भावी कार्य योजना क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना, ' पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी चल रही केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को, उनके परामर्श से पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके, प्रयासों को संपूरित करता है।

मंत्रालय देश के समृद्ध सांस्कृतिक, तीर्थस्थल और प्राकृतिक विरासत संबंधी स्थलों सहित विभिन्न स्थलों पर पर्यटन के विकास को बढ़ावा देने के लिए बिहार सहित संबंधित राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के साथ नियमित रूप से संपर्क करता है।

पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने संबंधी प्रस्ताव संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा तैयार किए जाते हैं। प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की जाती है और निर्धारित शर्तों की पूर्ति तथा निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

वर्तमान में बिहार के कैमूर और रोहतास जिले के विकास के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

****